nandgaon times oct-23-4.qxd 10/22/2024 11:58 PM Page 1

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में नव आरक्षकों का... पृष्ठ 2 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 23 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 14, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार - मुख्यमंत्री

### सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रगतिरत् कार्यो को दो माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशुपर जिले के मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की मांग पर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बजट राशि को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने की घोषणा की। उन्होंने मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा भी की। प्राधिकरण के सदस्यगणों तथा प्रमुख विभागों के सचिवों के उपस्थित में मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण अंतर्गत् स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रारंभ कार्यो को निरस्त कर प्रगतिरत् कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव देने की अपील की। उन्होंने बैठक में सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित विभाग के माध्यम से निराकरण के निर्देश दिए। प्राधिकरण की बैठक संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय से ही प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में विकास के लिए प्राधिकरण का गठन कर संसाधन उपलब्ध कराए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांच प्राधिकरण है। हमारी सरकार चाहती है कि बस्तर से लेकर सरगुजा क्षेत्र तक का विकास हो। भारत सरकार और राज्य सरकार चाहती है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गो का समन्वित विकास हो। प्राधिकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में अधोसंरचना की व्यवस्था कर विकास की गति को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी ने च्पीएम जनमनच् और च्धरती आबाच् ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य और आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु बजट का प्रावधान किया है, उनकी इन योजनाओं से राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने बजट में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए फोकस किया है। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग क्षेत्र के विकास के लिए वचनवद्ध होकर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के मयाली में प्राधिकरण की बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की सराहना की और कहा कि जशपुर जिले में खनिज संसाधनों का भण्डार होने के साथ ही वन एवं वनोपज की उपलब्धता है। यहॉ के वनोपज, महत्वपूर्ण उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर ग्रामीणों एवं किसानों को आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राधिकरण की बैठक अपने गृह जिले तथा मयाली में करने के पीछे यहॉ के पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कहते हुए राजधानी रायपुर से बैठक में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की कि वे यहॉ के उत्पादों को देखे, इसका उपयोग करे और इन्हें बढ़ावा देने के साथ ही जशपुर जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल को भी बढ़ावा दे। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में प्राधिकरण के सदस्यों द्वारा बताए गए समस्याओं को निराकरण करने की बात कही। उन्होंने लुण्ड्रा-बतौली क्षेत्र में गन्ना खरीदी केन्द्र को प्रारंभ करने की मांग का परीक्षण करने, विद्युत विहीन क्षेत्रों में विद्युत पहुंचाने की दिशा में कार्य करने, हाथी से जनहानि रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने, क्षति की राशि को बढ़ाने की दिशा में विचार करने की बात कही।

## रायपुर दक्षिण से आकाश शर्मा बनाए गए उम्मीदवार

धीरज तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के इकलौते विधानसभा क्षेत्र रायपुर दक्षिण में होने जा रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने युवा नेता आकाश शर्मा को टिकट दिया है। उल्लेखनीय है कि, भाजपा की ओर से पूर्व सांसद सुनील सोनी मैदान में उतर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि, दो दिन पहले ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तीन नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजा था। कहा गया था कि, प्रत्याशी के नाम की घोषणा आलाकमान की ओर से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि, दूसरे सबसे बड़े दावेदार के रूप में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे थे।पिछले दो दिनों में लगभग ये साफ हो गया था कि कांग्रेस का टिकट आकाश शर्मा को ही मिलेगा। उन्हें सोशल मीडिया में बधाइयां भी मिलने लगी थीं। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की शुरुआत 18 अक ?टूबर से शुरू हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया 25 अक ?टूबर तक चलेगी। 28 अक ?टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 अक ?टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे और 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद 23 नवंबर को वोटों की गिनती और नतीजों की घोषणा होगी।



## स्वास्थ्य विभाग मे हुए गलत तरीके से भर्ती को रद्द करवाने हेतु सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हाल ही मे स्वास्थ्य विभाग मे हुए भर्ती क्रमांक /डी एम एफ/2024/5523 के अनुसार विभिन्न पदों पर भर्ती लिया गया है जिसमे मेडिकल लैब टेक्नीशियन की भी भर्ती ली गई जो कि पूरी तरह से गलत और आपत्तिजनक है... एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स (ष्टरूरुञ्ज) वालो के साथ भेदभाव किया गया है, मेडिकल लैब टेक्नीशियन के पद के लिए प्राथमिकता का क्रम क्चरूरुञ्ज ष्टरूरुञ्ज और अंत मे ष्टरूरुञ्ज को दिया गया है जो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पैरामेडिकल कोर्स के तहत प्रशिक्षण करने वाले हजारों बेरोजगार घूम रहे योग्य युवक युवतियों के साथ अन्याय और है.. क्योंकि ष्टत्रष्टरूश्व द्वारा राज्य मे सिर्फ एक वर्षीय पैरामेडिकल सर्टिफिकेट कोर्स(ष्टरूरुञ्ज) ही संचालित की जा रहीं हैं, डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित नहीं करायी जाती है द्य वहीं दूसरे राज्य के यूनिवर्सिटी से लोग क्चरूरुञ्ज ष्टरूरुञ्ज पैसे के बदोलत, बिना प्रशिक्षण केंद्र जाए, सिर्फ परीक्षा मे बैठकर मनमाने अंक अर्जित कर रहे हैं, ऐसे मे बिना प्रशिक्षण लिए टेक्नीशियन जांच कैसे लगाएगा ये संदेह वाली बात है, जबकि ष्टरूरुञ्ज वाले पूरी ईमानदारी से पूरे 1 वर्ष मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पतालों में ट्रेनिंग करके प्रायोगिक परीक्षा सहित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं, ऐसे मे ष्टरूरुञ्ज वालो के लिए भर्ती मे चयनित होना संशय का विषय बना हुआ है, 01 वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में सभी संविदा भर्ती में ष्टरूरुञ्ज वाले को ही प्राथमिकता मिलता था अब कुछ दिन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जी के द्वारा भर्ती पर क्चरूरुञ्ज और ष्टरूरुञ्ज वालों को ही प्राथमिकता दिया जाता है। जो की पूर्णत: अनुचित है, यदि ऐसा हाल रहा तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पैरामेडिकल कोर्स यानी ष्टरूरुञ्ज करने वाले सभी छात्र जीवन भर बेरोजगार रह जाएँगे ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कराए जा रहे एक वर्षीय पैरामेडिकल को बंद कर देना चाहिए।

## खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय भव्य महोत्सव

### श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन, निशान यात्रा में रसिया ग्रुप चंग धमाल होगा आकर्षण का विशेष केंद्र

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय महोत्सव आगामी 10 नवंबर से 13 नवंबर तक बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा , शंकर सिंह कोठारी , अमित खंडेलवाल एवं संतोष बावरिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 12 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन 10 नवंबर से 13 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 10 नवंबर को दोपहर 1:15 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। रात्रि 08: 01 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा। 11 नवंबर को शाम 5:15 बजे



रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी , जो नगर भ्रमण करते हुए जी ई रोड रायपुर नाका स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। इस निशान यात्रा का मुख्य आकर्षण कोलकाता के रसिया ग्रुप चंग धमाल का होगा , जो नगर में पहली बार प्रस्तुत हो रहा है। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा आगे बताया गया है कि मुख्य समारोह श्याम प्रभु के जन्मोत्सव 12 नवंबर को भव्य भजन संध्या रात्रि 8:15 बजे से आयोजित है। जिसमें प्रयागराज की सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी जूली सिंग अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेगी । भजन के दौरान संगीत की प्रस्तुति दुर्ग के सुप्रसिद्ध निर्मल म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुति होगी । महोत्सव के चतुर्थ दिवस 13 नवंबर दोपहर 12:15 बजे से श्री श्याम रसोई महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित है। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय महोत्सव में सम्मिलित होकर एवं तन - मन - धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की सुनी समस्याएं एवं शिकायतें



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में ग्राम जंगलपुर निवासी श्री योगेश साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। ग्राम बडग़ांव चारभांठा निवासी श्री प्रभुदयाल देहारे ने घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत पोल लगाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, क्षतिपूर्ति की राशि भुगतान, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशासनिक फेरबदल, रवि मित्तल बने जनसंपर्क आयुक्त



**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, जशपुर और सूरजपुर के कलेक्टर को बदल दिया गया है. इसके अलावा नए जनसपंर्क आयुक्त के पद पर आईएएस रवि मित्तल को नियुक्त किया गया है. जारी आदेश के मुताबिक, आईएएस जन्मजेय मोहबे को वर्तमान कर्तव्यों के साथ साथ संचालिक महिला एवं बाल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. इसके अलावा आईएएस जगदीश सोनकर को संयुक्त सचिव मंत्रालय में पोस्टिंग दी गई है. मानपुर मोहला कलेक्टर आईएएस एस जयवर्धन को सूरजपुर कलेक्टर बनाए गए हैं. आईएएस विजय दयाराम को वर्तमान कर्तव्यों के साथ साथ प्रबंध संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. आईएएस तुलिका प्रजापति को मानपुर मोहला के कलेक्टर बनाई गई हैं. सूरजपुर कलेक्टर आईएएस रोहित व्यास को जशपुर के नए कलेक्टर बनाए गए हैं. आईएएस प्रतिष्ठा ममगई को जिला पंचायत बस्तर के सीईओ बनाई गई हैं. आईएएस कुमार विश्वरंजन को उपसचिव मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है. आईएएस जयंत नाहटा को जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सीईओ बनाए गए हैं. आईपीएस मयंक श्रीवास्तव की सेवाएं गृह विभाग को लौटा दी गई है.

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने रूस पहुंचे पीएम मोदी

अरविन्द तिवारी

**कजान ( नांदगांव टाइम्स )।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित 16 वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल दो दिवसीय प्रवास पर होने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हेरिटेज शहर कजान पहुंचे। यहां हवाई अड्डे पर तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव ने गर्मजोशी से स्वागत किया , वहीं बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कृष्ण भजन गाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के कज़ान में होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर भारतीय प्रवासी समुदाय द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने अभिवादन स्वीकार करते हुये उनसे बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कज़ान के होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर रूसी समुदाय के कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति से उनका स्वागत किया गया। पीएम मोदी के रूस के लिये रवाना होने से पहले रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा था कि पीएम मोदी कजान में ब्रिक्स सदस्य देशों के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे , उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में आर्थिक सहयोग , जलवायु परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर जोर होगा। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ब्रिक्स देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कजान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की कूटनीतिक स्थिति को और अधिक मजबूत बनाना और ब्रिक्स मंच पर भारत के रणनीतिक महत्व को उजागर करना है। कजान में आयोजित शिखर सम्मेलन और द्विपक्षीय बैठकों में भागीदारी के जरिये प्रधानमंत्री का उद्देश्य ना केवल भारत के संबंधों को मजबूत करना है , बल्कि भारत की आवाज को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और मजबूती से प्रस्तुत करना भी है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भाग लेने वाले देशों के लिये एक अहम मंच है , जहां वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होती है। इस शिखर सम्मेलन में भारत , रूस , चीन , ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे प्रमुख देशों की भागीदारी होती है और यह समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति इस बात को रेखांकित करती है कि भारत ब्रिक्स के भीतर संबंधों को मजबूती देने के लिये कितना प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी अन्य ब्रिक्स देशों के नेताओं और आमंत्रित मेहमानों से द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी का वर्ष 2024 में रूस में यह दूसरी यात्रा है , इसके पहले उन्होंने जुलाई में 22वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में भी मास्को की यात्रा की थी। रूस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से द्विपक्षीय बैठक की थी और उन्हें मास्को के क्रेमलिन में रूस के सबसे बड़े नागरिक सम्मान , च्ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टलज् से भी सम्मानित किया गया था।



**युद्ध विभिषिका के बीच ब्रिक्स में द्विपक्षीय वार्ता शांति हेतु एक आशा किरण - पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अवसर पर कजान में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक से पहले राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी का गले लगाकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि कजान में स्वागत के लिये आभारी हूं। भारतीय समुदाय ने अपनी उपलब्धियों से पूरी दुनियां में अपनी अलग पहचान बनाई है , वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता भी उतनी ही खुशी देने वाली है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की मेरी दो यात्रायें हमारे घनिष्ठ समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाती है। जुलाई में मॉस्को में हमारे वार्षिक शिखर सम्मेलन ने हर क्षेत्र में हमारे सहयोग को मजबूत किया है। पंद्रह वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी विशेष पहचान बनाई है और अब दुनियां के कई देश इससे जुड़ना चाहते हैं। मैं कल ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिये उत्सुक हूं , रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के विषय पर मैं लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है हमारा मानना ??है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिये , हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी जाती है , भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिये तैयार है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा - मैं आपकी मित्रता , गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिये हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिये कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिये बहुत खुशी की बात है। इस शहर के साथ भारत के गहरे और ऐतिहासिक संबंध हैं , कजान में भारत के नये दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अंतर-सरकारी आयोग की अगली बैठक 12 दिसंबर को नई दिल्ली में होनी है , हमारी परियोजनायें लगातार विकसित हो रही हैं। आपने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है , हम इसका स्वागत करते हैं।? हमारे सहयोग को भारत की नीतियों से लाभ मिलेगा , हम आपको और आपके प्रतिनिधिमंडल को रूस में देखकर बहुत खुश हैं।

nandgaon times oct-23-4.qxd 10/22/2024 11:58 PM Page 2



# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में नव आरक्षकों का दीक्षान्त परेड गरिमामय आतिथ्य में संपन्न









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 22.10.2024 को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनाँदगाँव में दिनांक 15.09.2023 से सतत संचालित 81वाँ नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के 104 प्रशिक्षणार्थी नव आरक्षकों का दीक्षान्त परेड श्री दीपक कुमार झा, भा0पु0से0, पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगाँव रेंज, राजनाँदगाँव के गरिमामय आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री भगत 2007 बैच के भा0पु0से0 हैं जिन्होंने जिला-बालोद, महासमुन्द, बलौदाबाजार, बिलासपुर व बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपना नेतृत्व प्रदान किया है एवं वर्तमान में राजनाँदगाँव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के रूप में इस क्षेत्र को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।इस दीक्षान्त समारोह के अवसर पर श्री दीपक कुमार झा ने अपने उद्बोधन में यह स्पष्ट रूप से कहा कि, बुनियादी प्रशिक्षण की पूर्णता पर श्रेष्ठ दीक्षान्त परेड रही है। आज आपने मातृभूमि की रक्षा तथा देश-सेवा की शपथ ली है। यह अवसर जीवन में एक बार ही आता है । मुझे विश्वास है कि आप शपथ के एक-एक शब्द का पूर्ण समर्पित भाव, निष्ठा एवं निष्पक्षता से पालन करेंगे । यह शपथ चुनौतीपूर्ण कार्यों के निष्पादन के समय आपको निर्णय लेने में सहयोग प्रदान करेगा । इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप सभी प्रशिक्षण उपरांत शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत हुए हैं। आपसे अपेक्षा है कि इस दीक्षान्त समारोह के उपरान्त अपने मूल इकाई में जाकर जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए क्षेत्र के अन्य युवा साथियों के लिए आदर्श स्थापित करेंगे । मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनायें देते हुए यह भी कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रशिक्षण के दौरान व्ही.आई.पी. एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी के व्यवहारिक प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव के आधार पर आप अपने कठिन दायित्वों का सुगमता से निर्वहन करने में सफल हो सकेगें । आपसे अपेक्षा है कि प्रशिक्षण उपरांत समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर संयमित आचरण एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभाग की गरिमा के अनुरूप कार्य करेंगे, मैं आप सभी एवं आपके परिजनों के भी सार्थक भविष्य की कामना करता हूँ। श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, राजनाँदगाँव द्वारा मुख्य अतिथि के परेड सलामी के उपरान्त प्रशिक्षणार्थी नवआरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलायी एवं प्रशिक्षण संस्था का प्रतिवेदन वाचन किया । प्रशिक्षण विद्यालय के इस 81वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में जो दिनांक 15.09.2023 से संचालित है, इसमें कुल 104 नव आरक्षकों ने बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसमें जिला सुकमा 56, जिला बीजापुर से 28 एवं जिला दन्तेवाड़ा से 20 नवआरक्षक शामिल हुए हैं। इनमें 5 नवआरक्षक सीधी भर्ती के 27 अनुकम्पा नियुक्ति से 9 गोपनीय सैनिक एवं 63 सहायक आरक्षक थे। प्रशिक्षण के दौरान इन प्रशिक्षणार्थियों को शस्त्र के साथ ड्रील बिना शस्त्र के ड्रील, अत्याधुनिक हथियारों की हैण्डलिंग, फायरिंग फिल्ड क्राफ्ट एवं जंगल टेक्टिस का गहन प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही कानून एवं अन्य समसामयिक विषयों पर



संस्था के अध्यापकों तथा अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से व्याख्यान कराया गया।साथ ही समय-समय पर राज्य के विभिन्न जिलों में इन्हें कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस दीक्षान्त परेड कार्यक्रम के अवसर पर संस्था उत्कृष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि श्री दीपक कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, राजनाँदगाँव रेंज के करकमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं चेक प्रदान किया गया एवं संस्था को अमुल्य योगदान देने वाले अतिथियों का स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया जिसमें श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक जिला-राजनाँदगाँव, श्री प्रशान्त कतलम, उपसेनानी, 8वीं वाहिनी छ0स0बल, राजनाँदगाँव, श्री मुकेश ठाकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजनाँदगाँव, श्री राजकुमार मिंज, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, माना-रायपुर, श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजनाँदगाँव, श्री पुष्पेन्द्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक राजनाँदगाँव, श्री रमेश येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा, रायपुर, सुश्री तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक, (अजाक/क्राइम) जिला-राजनाँदगाँव, श्री अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल सेल) राजनाँदगाँव, श्री राकेश बघेल, उप पुलिस अधीक्षक, पु0प्र0वि0, माना-रायपुर, श्रीमती दीप्ती साहू, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग राजनाँदगाँव, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, राजनाँदगाँव, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनाँदगाँव के मुख्य कवायद शिक्षक श्री बृजेश कुमार भदौरिया, रक्षित निरीक्षक श्री विक्रम बघेल, श्री लोकेश कसेर, रक्षित निरीक्षक राजनाँदगांव, उपनिरीक्षक हृदयशंकर प्रजापति, जाकिर अली एवं आरक्षक पुष्पराज ओझा रहे। कार्यक्रम के अन्त में श्री मोहित गर्ग,पुलिस अधीक्षक जिला-राजनाँदगाँव एवं श्री गजेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, राजनाँदगाँव द्वारा मुख्य अतिथि श्री दीपक कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, राजनाँदगाँव रेंज, राजनाँदगाँव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर के पत्रकार बन्धु, अनेक गणमान्य नागरिक, स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों के परिजनों की सम्मानजनक उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं उनके संस्था नेतृत्व की सराहना की गयी। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त इनके परिजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती अंजली येरेवार द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए समस्त अतिथियों को स्वल्पाहार के लिये आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य कवायद शिक्षक बृजेश कुमार भदौरिया, रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, हरीश कुमार तिवारी, मुख्य कवायद शिक्षक, पु0प्र0वि0 माना, रायपुर, निरीक्षक श्रवण मिश्रा, निरीक्षक किशोर धमगेश, निरीक्षक प्रशांत राहुल, प्रभारी अध्यापन शाखा उपनिरीक्षक सविता एक्का, उप निरीक्षक श्री कमलेश सोनबोईर, श्रीमती वर्षा शर्मा, श्री धर्मेन्द्र थापा, मोहम्मद गुलजार खान, विक्रम सिंह राजपूत सहायक उपनिरीक श्रीमती अनिता साहू, श्रीमती माधवी साहू सहित संस्था एव विभाग के अन्य अधिकारीगणों की उपस्थिति रही ।

# सिकल सेल स्क्रीनिंग महाभियान आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत 23 अक्टूबर 2024 को विकासखंड स्तर, सेक्टर स्तर एवं ग्राम स्तर पर 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का नि:शुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग को आवश्यक सहयोग एवं समन्वय करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत नि:शुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग कराने की अपील की है। जिससे सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों को समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जा सकें।

**0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का किया जाएगा नि:शुल्क सिकल सेल**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है। जिसका सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल सेल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क कराई जा सकती है एवं सिकल सेल के मरीजों के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में हाईड्रॉक्सी यूरिया दवाई नि:शुल्क उपलब्ध है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम श्री संदीप ताम्रकार ने बताया कि जिले में अब तक 5 लाख 50 हजार 996 से अधिक लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। इसके तहत 23 अक्टूबर 2024 को जिले में 34 हजार सिकल सेल स्क्रीनिंग का लक्ष्य है। छुरिया विकासखंड में 8000, डोंगरगांव विकासखंड में 2000, घुमका विकासखंड में 8000, डोंगरगढ़ विकासखंड में 8000, शहरी क्षेत्र राजनांदगांव विकासखंड में 8000 विकासखंडवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में मितानिनों को गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये हैं। श्री संदीप तम्रकार ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायू) द्वारा स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भी सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा।

# मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने अब 28 तक निगम में दावा आपत्ति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्डीऊ, लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहॉ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत दिनांक 14 अक्टूबर 2024 तक कार्यालय मे प्राप्त आवेदनों की खतौनी (आवेदनों का परीक्षण) करने के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची नगर निगम के सूचना पटल पर दिनांक 14 अक्टूबर 2024 दिन सोमवार से जनसाधारण के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई थी। जिसके लिये 22 अक्टूबर 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था, उक्त तिथि में वृद्धि करते हुये 28 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित किया गया है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने पात्र हितग्राहियों के दावा आपत्ति तिथि में वृद्धि करते हुये 28 अक्टूबर 2024 संध्या 5:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही को ही योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अपात्र हितग्राही भी 28 अक्टूबर तक सूची में दर्शित आपात्र आवेदक भी अपात्रता के कारण की परीक्षण कर निराकरण कर सकते, ताकि उन्हें पात्रता की सूची में लाया जा सके। निर्धारित तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर विचार विमर्श नही किया जायेगा। दावा आपत्ति उपरांत पात्र आवेदको को नियमानुसार लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जायेगा।

# शंकरपुर में मनाया गया सामुहिक वर्षावास समापन समारोह




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जेतवन बुद्ध विहार शंकरपुर में प्रतिवर्ष के भाँति इस वर्ष भी वर्षावास समारोह मनाया गया, तीन माह के वर्षावास का आज शंकरपुर में समापन हुआ महिलाओं द्वारा लगातार तीन माह के वर्षावास में अपनी आ भागीदारी सुनिश्चित की। बाबा साहब ने बौद्ध धम्म देकर आज जेतवन विहार में उपासक उपासिकाओ पूज्य भदंत महेंद्र थेरो जी राजनांदगांव के द्वारा त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया गया एवं भन्ते जी द्वारा धम्म उपदेश दिया गया साथ ही यथार्त सम्राट भारती द्वारा संविधान की प्रस्तावना का भी वाचन हुआ। तथागत बुद्ध को त्रिवार वंदन कर सभी ने बाबा साहब को नमन किया, कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भाषण, भीम बुद्ध गीतों पर शानदार डांस प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में और भी अच्छा समा बंधा रहा, खेल, सामाजिक,शिक्षा, नृत्य एवं अन्य के लिए महिलाओं एवं बचो को सम्मानित किया गया, बौद्ध समाज ने हर्षोल्लास के साथ वर्षावास को मनाया गया। यह जानकारी जेतवन बुद्ध विहार समिति शंकरपुर के अध्यक्ष राजू बारमाटे ने दी।00

## दिग्विजय कॉलेज के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के



विद्यार्थियों द्वारा ष् नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉण् श्रीमती अंजना ठाकुर के निर्देशन में व समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से ष्मानव मंदिर चौकष् तक रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारे एवं स्लोगन बोले गए ष्जन.जन का यह नारा है नशे को दूर भगाना हैष् ष्छोड़ो नशा और शराब ना करो जीवन खराबष् ष्जब नशे का नाश होगा तब देश का विकास होगाष् जैसे विभिन्न नारे लगाए गए स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य ष्नशा उन्मूलनष् हेतु संदेश दिया गया ताकि संपूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाया जा सके।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई - छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

साकिन- साल्हेवारा
रा.प्र.क.202410290400037/2022/अ -02 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा जरिये ईश्तहार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सैयद नाजिरअली पिता मस्तानअली, जाति मुसलमान, निवासी ग्राम साल्हेवारा, तहसील- साल्हेवारा द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम साल्हेवारा, प.ह.नं. 03, तहसील- साल्हेवारा, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 194/1 रकबा 0.040 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 24.10.2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तिथि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.10.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)


**शुभांक**

**3-6-7**

**137-1 136-0**

**भाग्यांक**

**699-4 778-2**

# अग्रहरि समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभात गुप्ता 'राजा' ने कार्यकारिणी की घोषणा की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों स्थानीय अग्रहरि भवन के सभागार में संपन्न हुए चुनाव में समाज के वरिष्ठजनो और संरक्षको के मार्गदर्शन मे अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष पद हेतु प्रभात गुप्ता जी 'राजा' निर्विरोध निर्वाचित हुए। युवा संगठन अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर सुबोध गुप्ता जी को चुना गया। प्रभात गुप्ता जी अग्रहरि भवन के वंश परंपरागत ट्रस्टी, युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष तथा लगातार समाज में सक्रिय रहने वाले,नगर निगम राजनांदगांव में पूर्व एल्डरमैनऔर विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ गायत्री परिवार से भी जुड़े हुए हैं। संपन्न हुए चुनाव में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही एवं नए अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। चुनाव का सफल संचालन श्री अरुण गुप्ता जी अधिवक्ता ने किया। प्रभात गुप्ता ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें संरक्षकगण - श्री अजय कुमार जी, श्री श्याम चरण जी, श्री रमेश कुमार जी, श्री राजेश कुमार जी, श्री राम किशोर जी, श्री गौरी शंकर जी, श्री नवीन कुमार जी और श्री मनोज कुमार जी मार्गदर्शक मंडल में श्री राकेश कुमार जी, श्री सतीष कुमार जी, श्री श्रीकांत जी, श्री राधे श्याम जी और श्री अशोक कुमार जी सलाहकार - श्री सुरेंद्र कुमार जी, श्री सुबोध कुमार जी उपाध्यक्ष - श्री प्रबोध कुमार जी, श्री प्रज्?ज्वल जी और श्री गीतेश जी सचिव - श्री अरविंद जी सह सचिव - श्री अमित जी और श्री ज्ञानेश जी कोषाध्यक्ष - श्री प्रवीण कुमार जी प्रचार प्रसार प्रभारी - श्री कैलाश जी, और गगनजी विधिक सलाहकार - श्री अरुण कुमार जी एवं श्री आदित्य स्वरूप जी इनके अलावा कार्यकारिणी में श्री संजीव जी, श्री मुकेश जी, श्री दीपक जी, श्री पंकज जी, श्री आशीष जीऔर श्री अंकित कुमार जी को शामिल किया गया एवं हर्षोल्लास के साथ दीपावली मिलन व अन्नकूट मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कैलाश अग्रहरि ने दी।



## नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है। जारी संशोधित नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बुधवार 30 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक है। दावा-आपत्ति का निराकरण की अंतिम तिथि एवं प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 8 नवम्बर 2024 है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर 2024 है। दावा-आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि बुधवार 20 नवम्बर 2024 तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ सोमवार 25 नवम्बर 2024 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 27 नवम्बर 2024 को किया जाएगा।

# म्युनिस्पल स्कूल में पहुंची जांच टीम, दिया था बच्चों को नियम विपरीत प्रवेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सत्र 2024-25 में बच्चों को नियम विपरीत दिए गए प्रवेश को लेकर मंगलवार को बालोद जिले से जांच दल पहुंचकर दस्तावेजों को खंगाला, अधिकारियों और शिकायतकर्ता से लिखित में बयान लिया गया। कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति ने प्रत्येक कक्षा के लिए 50 सीटें निर्धारित किया था। रिक्त सीट के विरुद्ध अधिक पात्र आवेदकों पर लॉटरी से चयन किया जाना था। प्राप्त पात्र आवेदनों के लिए उच्च अधिकारियों एवं पालकों के समक्ष ऑफलाइन लॉटरी निकाली गई थी, वेटिंग लिस्ट वालों के लिए भी लॉटरी निकाली गई थी, लेकिन निर्धारित 50 सीटों पर 60 बच्चों को नियम विपरीत प्रवेश दिया गया। अतिरिक्त सीटों पर जिन बच्चों को प्रवेश दिया गया, उनका नाम वेटिंग लिस्ट में भी नहीं है, कई बच्चों ने तो ऑनलाइन आवेदन तक नहीं किया था। अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश लेने कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति से अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि मनमाने ढंग से कुछ खास लोगों के बच्चों को उनसे पैसे लेकर अनुचित माध्यम से प्रवेश दिलाया गया। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल की लिखित शिकायत मंगलवार को गुण्डरदेही, जिला-बालोद से जांच टीम स्कूल पहुंचकर शिकायतकर्ता के समक्ष जांच की। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, पूर्व प्राचार्य को भी जांच में उपस्थित होने पत्र जारी किया गया था, लेकिन पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अनुपस्थित थे, सिर्फ पूर्व प्राचार्य रश्मि सिंह और वीरेंद्र दुबे से बयान लिया गया और वर्तमान में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य कुमकुम झा से दस्तावेज लिया गया।



# चारभाठा में एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 30 को

धीरज तिवारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम चारभांठा ठेकाडीह में प्रथम वर्ष दीपावली के शुभ अवसर पर एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर दिन बुधवार को स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान रखा गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने बताया कि प्रवेश शुल्क सामूहिक 121 रुपये एवं एकल यूगल 101 रुपये रखा गया है। और भी अनेक आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। सामुहिक पुरस्कार प्रथम 4001/- आयोजक समिति, द्वितीय 2501/- तृतीय 1501/- प्रदीप गंजीर एवं विवेक गंजीर चारभांठा पंकज साहू एवं टीकम साहू, चतुर्थ 701/- जय बरमदेव जे.सी.बी. वर्क चारभांठा, युगल पुरस्कार प्रथम 1501/- दुधेराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत चारभांठा, द्वितीय 801/- ममता/पूनमचंद साहू जनपद सदस्य खैरागढ़, तृतीय 501/- शर्मा देवदास (कोटवार) चारभांठा एकल पुरस्कार प्रथम 1001/- श्रीमती देवकी बाई साहू पूर्व सरपंच चारभांठा, द्वितीय 701/- नरेन्द्र साहू चारभांठा, तृतीय 501/- खुस्मिता मेडिकल एवं फैशन स्टोर्स एवं प्रत्येक प्रतिभागी को 1 श्रीफल एवं 51 रु. जयकरण साहू चारभांठा द्वारा दिया आएगा। नियम एवं शर्ते इस प्रकार से है निर्णायक एवं आयोजक समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। प्रतिभागी अपना मेमोरी कार्ड एवं पेन ड्राइव अपने साथ मे लावें । प्रतिभागी को चोट लगने पर स्वयं जिम्मेदार होगा। अतिरिक्त नियम आयोजक समिति के पास सुरक्षित है। उन्होंने प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने लोगों से अपील की है। इस अवसर पर अध्यक्ष स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष कपील साहू, सचिव समेर साहू, सह सचिव मोहित साहू, कोषाध्यक्ष पूनमचंद साहू, संरक्षक कैलाश साहू, संरक्षक सालिक साहू, सहकोषाध्यक्ष दिनेश यादव, सदस्यगण में प्रकाश, डोमन, शिवकुमार, जीतू साहू, खिलेश्वर, सागर, यश, धर्मेन्द्र, भूपेन्द्र, राहूल, रेमन सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।



nandgaon times oct-23-4.qxd 10/22/2024 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) 1916 में महात्मा गांधी ने किसे प्रेरित करने के लिए बिहार के चम्पारण की यात्रा की थी?*

*2) वयस्कों में श्वेत रुधिर कोशिकाओं तथा लाल रुधिर कणिकाओं का औसत अनुपात क्या है?*

*3) भारत में प्रसंस्कृत भोजन का कारक कौन सा है?*

*4) बघेली का विकास किस भाषा से हुआ है?*

*5) नजला बौडने रोमधाने किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) किसानों (2) 1:600 (3) खान-पान की आदतें, संगठित खाद्य खुदरा और जीवनशैली बदलना (4) अर्धमागधी (5) ट्यूनीशिया

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में करें पूर्ण - कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चल रहे कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग कर प्रगति की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कहा।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन बिछाने के लिए किए गए गड्ढों को भरने कहा। गड्ढों के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जिले में स्त्रोत विहिन ग्रामों में चल रहे नलकूप खनन के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। नलकूप खनन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायत भवन, स्कूल भवनों सहित अन्य शासकीय



भवनों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन ग्रामों में पाईप लाईन बिछाने के लिए सीसी रोड तोड़ा गया है, ऐसे सीसी रोड की कांक्रीटिंग कार्य पूर्ण करने के बाद ही ठेकेदार को भुगतान करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों के पूर्ण होने के बाद ग्राम के सरपंच, सचिव को कार्य हस्तांतरित होगा, इसलिए उन्हें कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण देने कहा। इस दौरान जिन ठेकेदारों का एग्रीमेंट निरस्त हो गया है, उनके स्थान पर ड्राफ्ट का अनुमोदन किया गया और निविदा लगाई गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पोस्ट मानसून सर्वे करने कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए पानी की जांच करने कहा। पानी में अशुद्धता पाए जाने पर उसका शीघ्र उचित निराकरण करने कहा। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर तक नल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति अनवरत होती रहे, इसके लिए प्रत्येक गांव से एक महिला एवं एक पुरूष को कौशल विकास उन्नयन के अंतर्गत इलेक्ट्रिशयन, प्लंबर एवं पंप आपरेटरों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, जिला अधिकारी क्रेडा एवं सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेसर दास साहू उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय हकलाहट जागरूकता दिवस पर स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतरराष्ट्रीय हकलाहट जागरूकता दिवस के अवसर पर स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी को बच्चों की



स्पीच थेरेपी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सत्यदर्शन फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। राजनांदगांव में स्पीच थेरेपी सेंटर चलाने वाली श्रीमती रजनी राठी ने हकलाने और बोलने से जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार लाए है। फाउंडेशन ने उनके काम की सराहना करते हुए उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर रजनी राठी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना है।

## अगले दो दिन बरसात : कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार

**रायपुर।** चक्रवाती तूफान दाना 24 अक्टूबर को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा, जिसका असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल सकता है। प्रदेश में अगले दो दिन कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताए गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ये बारिश लोकल सिस्टम की वजह से देखने को मिल सकती है। इसके बाद उत्तर-दक्षिण छत्तीसगढ़ में रात के तापमान में गिरावट दर्ज होगी। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा तोकापाल में 6 मिमी पानी बरसा है। वहीं प्रदेश के कई जिलों से मानसून लौट चुका है। बारिश थमने से दिन में तेज गर्मी सताने लगी है, कई शहरों में दिन का तापमान 32 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि इस महीने के अंत तक प्रदेश में गुलाबी ठंड दस्तक देगी, इसके बाद लगातार तापमान में गिरावट आ सकती है। आने वाले हफ्ते में भी दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में तापमान गिरेगा। मौसम विभाग के मुताबिक आज बादल छाए रह सकते हैं, धूप-छांव वाला मौसम रहेगा।



# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में दी जा रही दबिश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के आमजनों के बीच स्वच्छ सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश दी जा रही है। साथ ही व्यापारियों से नियमों का पालन करते हुए खाद्य व्यापार करने कहा जा रहा है। त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री से बचाने होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानों, डेयरी का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के स्वागत होटल से पनीर, माँ बम्लेश्वरी रेस्टोरेंट से दाल, जायसवाल किराना से आटा, सांई ट्रेडर्स से साबूदाना तथा डोंगरगांव विकासखंड के बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, गौतम होटल से कलाकंद, मानसरोवर से काजू कतली सहित 14 से अधिक खाद्य सामग्री को आशंका के आधार पर नमूने जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही 5 खाद्य व्यापारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाये जाने पर नोटिस भी जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संबंधी शिकायते राज्य हेल्पलाइन नंबर 9340597097 या 7000885404 में दर्ज करा सकते है। दूध में पानी की मिलावट की जांच - दूध की एक बूंद चिकनी तिरछी सतह पर डालें शुद्ध दूध की बूंद चिपकी रहेगी या सफेद पूंछ बनाते हुए बहेगी। पानी की मिलावट होने पर बिना धार के तुरंत बह जायेगा।

**खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाए जाने पर 5 खाद्य व्यापारियों को नोटिस जारी**

दूध में डिटर्जेंट की मिलावट की जांच - दूध का 5 से 10 मिली का नमूना लेकर समान मात्रा में पानी मिलाकर अच्छी तरह से हिलाएं, दूध में डिटर्जेंट होगी, तो घने झाग देगी एवं शुद्ध दूध में झाग की बहुत पतली सतह बनेगी। खोया, छेना, पनीर में स्टार्च मिलावट की जांच - 2 से 3 मिली सेंपल को लेकर उसमें 5 मिली पानी मिलाकर सेंपल को ठंडा कर लीजिए फिर इसमें टिंचर आयोडीन की 2 से 3 बूंद मिला लीजिए। सेंपल में नीले रंग की उपस्थिति स्टार्च की मिलावट को दर्शाता है।

घी व मक्खन उबले आलू, शक्कर व अन्य प्रकार के स्टार्च की मिलावट - कांच की कटोरी में आधा चम्मच घी या मक्खन ले लीजिए 2-3 बूंद टिंचर आयोडीन डालने पर, सेंपल नीला रंग का हो तो स्टार्च की मिलावट है। तेल एवं वसा में ट्राई ऑर्थो केसाइल फॉस्फेट (टीओसीपी) की मिलावट की जांच - तेल का 2 मिली सेंपल लीजिए, इसमें थोड़ा ठोस मक्खन मिला दीजिए अगर सेंपल में लाल रंग दिखे मतलब टीओसीपी की मिलावट की गई है।

# मोदी जी की योजना और महाराष्ट्र सरकार की योजना का लाभ चुनाव मे भाजपा को सफलता दिलाएगी - रामजी भारती

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश भाजपा के महामंत्री और पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने बताया की महाराष्ट्र मे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गांव गरीब किसान की योजना प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, मुफ्त आनाजयोजना , विश्वकर्मा योजना,और महाराष्ट्र सरकार की लाड़की बहिनी योजना सहित वर्तमान विधायक प्रदेश के मंत्री श्री अतुल सावे जी के द्वारा नहर बांध, शहर मे पक्की सड़को का निर्माण ड्रेनेज़ सिस्टम सहित अनेक विकास कार्यों का सफल क्रियान्वयन के फल स्वरुप नवम्बर मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र मे पुन: भाजपा की सरकार बनेगी !छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने घर घर जा कर पुन: भाजपा की सरकार बनाने दौरा चालू कर दिया है! महाराष्ट्र के मराठ वाडा के सम्भा जी नगर मे प्रदेश भाजपा के महामंत्री श्री रामजी भारती डेरा जमाये है और आज उनके द्वारा प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री मयूर बंजारी से घर जा कर मुलाक़ात किया, युवा मोर्चा के सिड़को मण्डल के अध्यक्ष श्री शौरभ तोतरे की युवा मोर्चा के युवाओं के साथ बैठक कर युवा मतदाता को भाजपा के पक्ष मे ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए रुपरेखा बनाने के दिशा निर्देश दिए, सिंहगढ़ कालोनी मे शुभाष लोखंडे और दिलीप पंडित से बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मार्गदर्शन दिए अयोध्या नगर मे महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सरिता ताई, प्रवीना राजपूत, वैशाली, मिना सावडे, रानी बेहरे से बैठक कर लाड़की बहन योजना का प्रचार घर घर तक पहुंच कर भाजपा के पक्ष मे महिला मतदाता को निवेदन करने के लिए कहा आज सिड़को मंडल मे वरिष्ठ और जिला पदाधिकारी सहित प्रदेश पदाधिकारी सहित ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी से घर घर जा कर सौजन्य भेट किया आज गुरुनगर, गणेश नगर, शिवनेरी मे श्रीनिवास जी, विजय करोड़े, आदिनाथ घुघे, विजय मानवतकर, संतोष श्रीराँगे, श्री कैलाश राउत और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेश मीरकर जी से मुलाक़ात किया गया साथ मे सिड़को मण्डल के महामंत्री श्री अमेय देशमुख और जनपद सदस्य रवि अग्रवाल उपस्थित थे!



# गेवरा खदान से डीजल चोरी करने के ग्यारह आरोपी जेल दाखिल

अरविन्द तिवारी

**कोरबा (नांदगांव टाइम्स)।** मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी कर गेवरा खदान से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के ग्यारह आरोपियों को थाना दीपका पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा ने अरविन्द तिवारी को बताया पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे) , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दर्री विमल कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ , सट्टा , आबकारी , नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में थाना प्रभारी दीपका प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में दीपका पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गेवरा खदान में गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह पर कठोर कार्यवाही करने में दीपका पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। गत दिवस 20 अक्टूबर को थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि गेवरा खदान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा संगठित रूप से डीजल की चोरी की जा रही है। उक्त रिपोर्ट को तत्काल संज्ञान में



लेते हुये दीपका पुलिस की टीम गठित कर मुखबिर से सूचना प्राप्त कर डीजल चोरी करने वाले गिरोह को खदान क्षेत्र से पकड़ा गया। उनके कब्जे से 58 जारीकेन में 2030 लीटर डीजल और घटना में उपयोग किये गये दो नग बोलेरो वाहन को जप्त किया गया और घेराबंदी कर घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के कुल ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर अपराध सबूत पाये जाने से थाना दीपका पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपीगण** - शशी चौहान पिता पंचराम चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी केसला थाना हरदीबाजार , सालिक राम उइके पिता विरेन्द्र सिंह उइके 30 वर्ष निवासी खलारी पारा नोनबिर्रा थाना पाली , अजय दास महंत पिता मंगलदास महंत उम्र 26 वर्ष निवासी पचपेढ़ी थाना उरगा हा.मु. विजय नगर दीपका थाना दीपका , नवलसिंह राज पिता प्रेंमसिंह राज उम्र 33 वर्ष निवासी नोनबिर्रा थाना दीपका , निलेश यादव पिता सहेत्तर लाल यादव उम्र 20 वर्ष निवासी केसला थाना हरदीबाजार , संदीप कुमार श्रोते पिता गौतम सिंह श्रोते उम्र 18 वर्ष निवासी सिरकी थाना दीपका ,मयाराम निर्मलकर पिता स्व.कृपाराम निर्मलकर उम्र 31 वर्ष निवासी विजयनगर दीपका , रितेश दास पिता रामायण दास उम्र 20 वर्ष निवासी महुआडीह थाना हरदीबाजार , संजय चौहान पिता अजीत चौहान उम्र 20 वर्ष निवासी केराकछार थाना दीपका , रघु बिझंवार पिता दुजराम बिझंवार उम्र 20 वर्ष निवासी केसला थाना हरदीबाजार और ओमप्रकाश कंवर पिता विश्राम सिंह कंवर उम्र 27 वर्ष निवासी जमनी मुड़ा थाना पाली सभी जिला कोरबा निवासी (छत्तीसगढ़)।

## धर्म समाचार....

# भौम प्रदोष के दिन करें इन चीजों का दान, आर्थिक तंगी से मिलेगी निजात

ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर अभिजीत मुहूर्त योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही त्रिपुष्कर योग का भी संयोग बन रहा है। इस अवसर पर साधक भक्ति भाव से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करते हैं। साथ ही मनचाहा वर पाने के लिए व्रत रखते हैं। प्रदोष व्रत का पर्व देवों के देव महादेव को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव संग माता पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु भगवान शिव शक्ति के निमित्त व्रत रखा जाता है। प्रदोष व्रत का फल जातक को दिन अनुसार मिलता है। भौम प्रदोष व्रत करने से धन संबधी परेशनी दूर हो जाती है। साथ ही आय और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। अगर आप भी आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो भौम प्रदोष व्रत के दिन स्नान-ध्यान के बाद भक्ति भाव से भगवान शिव की पूजा करें। साथ ही पूजा के पश्चात इन चीजों का दान करें।



**प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त** -

वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर शुरू होगी और 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि से गणना की जाती है। इसके लिए 29 अक्टूबर को प्रदोष व्रत मनाया जाएगा। इस दिन प्रदोष काल 5 बजकर 38 मिनट से लेकर शाम 8 बजकर 13 मिनट तक है।

**इन चीजों का करें दान**-

मेष राशि के जातक लाल रंग के कंबल का दान करें। इस उपाय को करने से मंगल मजबूत होगा। कुंडली में मंगल मजबूत होने से आर्थिक तंगी दूर होती है। वृषभ राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर सफेद रंग की मिठाई राहगीरों के मध्य बांटें। इस उपाय को करने से सुखों में वृद्धि होगी। मिथुन राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर स्नान-ध्यान के बाद भगवान शिव की पूजा करें। इसके बाद गौशाला में आर्थिक दान करें। इस उपाय को करने से कारोबार में वृद्धि होती है। कर्क राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर सफेद रंग के तिल का दान करें। इस उपाय को करने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। सिंह राशि के जातक प्रदोष व्रत पर गुड और मूंगफली का दान करें। इस उपाय को करने से कारोबार को नया

आयाम मिलता है। कन्या राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर गौ माता को हरा चारा खिलाएं। इस उपाय को करने से बुध देव प्रसन्न होते हैं। तुला राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर सफेद रंग के वस्त्र का दान करें। इस उपाय को करने से कुंडली में शुक्र मजबूत होता है। वृश्चिक राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर भगवान शिव की पूजा करें। इसके बाद मसूर की दाल और लाल मिर्च का दान करें। धनु राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर मकई और चने की दाल का दान करें। इस उपाय को करने से गुरु की कृपा बरसती है। मकर राशि के जातक भगवान शिव की पूजा करें। पूजा के बाद गेंहू का दान करें। इस उपाय को करने से आय में वृद्धि होती है। कुंभ राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर भगवान शिव की पूजा करें। साथ ही पूजा के बाद काले कंबल का दान करें। मीन राशि के जातक भौम प्रदोष व्रत पर पीले रंग वस्त्र का दान करें।

## धनतेरस पर घर ले आएं ये चीजें, आर्थिक तंगी हो जाएगी दूर

ज्योतिषियों की मानें तो धनतेरस पर त्रिपुष्कर योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। इस शुभ तिथि पर बर्तन और स्वर्ण आभूषणों की खरीदारी की जाती है। धनतेरस के दिन प्रदोष व्रत भी मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव की पूजा की जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 29 अक्टूबर को धनतेरस है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक माह में मनाया जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि चिर काल में कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसके लिए हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान धन्वन्तरि की पूजा की जाती है। इसके साथ ही स्वर्ण या चांदी से निर्मित आभूषणों की खरीदारी की जाती है। ज्योतिष शास्त्र में धनतेरस के दिन कई रोजाना में प्रयोग होने वाली चीजें खरीदने का भी विधान है। इन चीजों को घर लाने से घर की दरिद्रता दूर हो जाती है।




**कलश**- अगर आप वास्तु दोष से निजात पाना चाहते हैं, तो धनतेरस के दिन कलश खरीदकर लाएं। इसे घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें। आप चाहे तो छोटा कलश तिजोरी में भी रख सकते हैं।

**नमक**- अगर आप आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो धनतेरस के दिन नमक की खरीदारी अवश्य करें। इस उपाय को करने से आय में बढ़ोतरी होती है। साथ ही धन संबंधी परेशानी दूर हो जाती है।

**झाड़ू**- वास्तु जानकारों की मानें तो धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके लिए धनतेरस के दिन झाड़ू की खरीदारी जरूर करें। इस उपाय को करने से दुख एवं दरिद्रता दूर होती है। साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा बरसती है।

**गोमती चक्र**- अगर आप आय और सौभाग्य में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो धनतेरस के दिन गोमती चक्र खरीदकर जरूर घर लाएं। इस उपाय को करने से आर्थिक समस्या से मुक्ति मिलती है।

**धनिया**- सनातन धर्म में धनतेरस के दिन धनिया खरीदने की प्रथा है। इसके लिए धनतेरस के दिन धनिया जरूर खरीदकर घर लाएं। पूजा के समय धन की देवी मां लक्ष्मी को सूखा अर्पित करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारी रखें अधिकारी - कलेक्टर

## पंचायत एवं नगरीय निर्वाचन की तैयारी के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें, धान उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, माप-तौल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निर्वाचन की तैयारी के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का कार्य शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सभी अधिकारी इसके लिए आवश्यक तैयारी रखें। उन्होंने जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में पेयजल, मापतौल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन का कार्य महत्वपूर्ण है। इस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अवैध धान का परिवहन करने वाले कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कोचियों पर शिकंजा कसने के लिए खाद्य, सहकारिता एवं मण्डी की संयुक्त टीम कार्य करें। उन्होंने कहा कि गिरदावरी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। पोर्टल में जहां धान की एन्ट्री नहीं है, वहां धान की खरीदी नहीं हो, इस बात का ध्यान रखें। आवश्यकता से अधिक टोकन होने पर सत्यापन जरूर करें। धान खरीदी के कार्य में नोडल अधिकारी, सरपंच, पटवारी, आरईएओ सहित अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के पहले विकासखंड स्तरीय शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त पेंशन, राशन कार्ड, दिव्यांगजनों के प्रकरण, मनरेगा जॉब कार्ड, राजस्व, प्रधानपंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे आवेदनों का सभी विभाग प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने 5 नवम्बर को राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सभी विभाग शासन की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सुगम एप के आ जाने से प्रापर्टी की फोटो तीन ओर से खींच कर एनजीडीआरएस सिस्टम में अपलोड की जा



सकेगी, जिससे प्रापर्टी खरीदी-बिक्री में लोगों को दिक्कत नहीं होगी एवं धोखा-धड़ी से भी बचेंगे, जिससे आम जनता को फायदा होगा। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि एजुकेशन हब में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कार्य करें तथा यहां राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार भी आयोजित करें। उन्होंने न्योता भोज, मध्यान्ह भोजन, किचन गार्डन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में किचन गार्डन होने से बच्चे श्रम करना सीखते हैं। स्कूलों में किशोरी बालिकाओं में हिमोग्लोबिन की कमी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। हर बच्चे को सप्ताह में एक दिन आईएफए आयरन की गोली जरूर दें तथा उन्हें पौष्टिक आहार के बारे में बताएं। चिरायु योजना से जुड़े डॉक्टर स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। किशोरी बालिकाएं हिमोग्लोबिन की कमी को दूर करने के लिए दवाई खा लें यह सुनिश्चित करें। दवाई का सेवन क्यों जरूरी है, इसके लिए उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्हें यह बताएं कि रक्त की कमी को दूर करने के लिए आवश्यक दवाई लेना जरूरी हैं। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन में लोग दूर-दूर से अपनी समस्याएं लेकर आते है। सभी अधिकारी प्रतिबद्धतापूर्वक आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अपने विभाग से संबंधित जानकारी अधिकारी को होना चाहिए। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रवृत्ति में परिवर्तन होना चाहिए। उन्होंने धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए किसानों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसान सामूहिक रूप से भी क्लस्टर में खेती कर सकते हैं।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि किशोरी बालिकाओं को स्कूलों में हिमोग्लोबिन परीक्षण कराने के बाद शनिवार को स्कूलों में एनिमिया मुक्त भारत के तहत आयरन एवं फोलिक एसिड की दवाई दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम सभा में किसानों को प्रेरित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का पोस्टर जारी..

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नवंबर माह में आयोजित होने वाले दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का पोस्टर आज कुलाधिपति श्री आई पी मिश्रा ने विमोचित किया।इस अवसर पर कुलपति डॉ ए के झा, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी,कॉन्फ्रेंस की संयोजक डॉ स्वर्णली दास पॉल एवं डॉ धनेश कुमार जोशी उपस्थित थे। डॉ स्वर्णली दास पॉल ने बताया कि एडवांसेज इन फंडामेंटल एंड एप्लाइड रिसर्च विषय पर दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में भारत के विभिन्न उच्च शिक्षा की शोध संस्थाओं तथा उद्योगों के शोध कार्य कर रहे वैज्ञानिक ,विधार्थी



शामिल हो रहे हैं। साथ ही विभिन्न देशों के प्राध्यापक,वैज्ञानिकों के व्याख्यान होंगे। डॉ दास ने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस मल्टीडिसिप्लिनरी है जिसमें विभिन्न विषयों की शोध गतिविधियों पर सारगर्भित चर्चा होगी और शोध पत्र तथा पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे। इस अवसर पर विधार्थियों के लिए डाटा साइंस, डाटा एनालिटिक्स,सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन पर कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने कहा कि विभिन्न विषयों जैसे फार्मेसी,मेडिकल, जर्नलिज्म,लाइफ साइंस,फिजिक्स,केमिस्ट्री,मैथ्स, आदि के क्षेत्र में निरंतर शोध कार्य जारी है जिनसे हमारे विधार्थी और फैकल्टी अपडेट रहें इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।मुझे उम्मीद है इसमें अपने प्रदेश के युवा बड़ी संख्या में भाग ले कर लाभ उठाएंगे। इस कॉन्फ्रेंस में देश की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के द्वारा भी सहभागिता दी जा रही है। कुलपति डॉ ए के झा ने भी विधार्थियों को नवीनतम अनुसंधान और प्रौद्योगिकी से परिचित होने के अवसर में शामिल होवे। कॉन्फ्रेंस के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है।विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

# रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 23 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर के 8, मार्केटिंग के 4, एजेन्ट के 60 एवं सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा फायर मेन के 20,प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन अंजोरा जिला दुर्ग द्वारा मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट के 20, हाउस कीपिंग के 20 एवं फुड एण्ड बेवरेजेस के 20 पद, सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100, सिक्यूरिटी गार्ड के 200 एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्राईवेट लिमिटेड बलौदाबाजार द्वारा इलेक्ट्रीकल के 2, फीटर के 2, डिप्लोमा इन मेकैनिकल के 2 एवं ग्रेजुएट इन मैकेनिकल के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन के साथ इच्छुक युवा निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

# अवैध धान की आवक पर रोक लगाने के संबंध में निर्देश जारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन राज्य के पंजीकृत किसानों से किया जाएगा। धान उपार्जन अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्यों से धान लाकर राज्य के उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत धान विक्रय की आशंका बनी रहती है। जिसके दृष्टिगत शासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में अन्य राज्यों के धान की आवक व विक्रय को रोकने के लिए निर्धारित धान उपार्जन अवधि के दौरान अन्य राज्यों से धान आयात के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवम्बर 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक अन्य राज्यों से धान का आयात संचालक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय की अनुमति से ही किया जाएगा। सुपर फाईन किस्म के धान जो 2800 रूपए प्रति क्विंटल से अधिक लागत का हो, के आयात के लिए संचालक खाद्य से अनुमति लेना आवश्यक नहीं है, परन्तु आयातक को धान आयात करने की सूचना जिला खाद्य अधिकारी व खाद्य नियंत्रक को देना होगा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित राईस मिलों के धान एवं चावल के स्टॉक का सत्यापन संबंधित क्षेत्र के सहायक खाद्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक करने निर्देश दिए है। कलेक्टर ने स्टॉक की जानकारी राईस मिलों द्वारा मिलर्स माड्यूल में अनिवार्य रूप से दर्ज करने तथा आयात किये जाने वाले धान एवं इससे निर्मित होने वाले चावल की साप्ताहिक अद्यतन जानकारी वेबसाईट में अनिवार्य रूप से दर्ज करने कहा है।

# छत्तीसगढ़ में बहेगी कथा की गंगा



**लखराम ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मदा ट्रस्ट लखराम जिला बिलासपुर में 7 नवंबर से 15 नवंबर 2024 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मातृ शक्ति प्रभारी श्रीमती शशि गुप्ता के द्वारा किया जाएगा ,इस कथा में कथा व्यास प्रयागराज से श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) रहेंगे , माँ कामाख्या के साधक 10 महाविद्याओं के उपासक परम पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए सभी ग्राम वासी बड़े ही उत्सुकता के साथ प्रतीक्षारत है, आयोजक श्रीमती शशि केदार गुप्ता सबको कथा में आमंत्रित की है बड़े ही धूमधाम से इस कथा की तैयारी की जा रही है।

# दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रजिस्ट्री ठप शासन को नए नियम को लेकर नाराजगी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश भर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों के द्वारा एक नई योजना (सुगम ऐप)के विरोध में अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठ गए है प्रान्तीय आव्हान पर डोंगरगांव में कार्यरत दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों के द्वारा दिनांक 21/10/2024 को अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, उप पंजीयक थाना प्रभारी डोंगरगांव को ज्ञापन प्रस्तुत कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गये है जिसके चलते आम जनता लिख पढ़ी करने पंजीयन करने इटाम्प खरीदने सहित राजस्व पंजीयन कार्यालय संबंधित कार्य करने के लिए भटकते देखे गए, संपति के क्रय विक्रय के नए नियम से बेरोजगार होने की आशंका देखते हुए सभी दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों कापी विरोध में हैं व वर्षों से दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों का कार्य कर रहे है आने वाले दिनों में ऐप के माध्यम से पेपर लेंस, केश लेंस , फेश लेन से कोई भी व्यक्ति। घर बैठे संपति की रजिस्टी करा सकते हैं जिससे दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों के पास जाने की जरूरत नहीं होगी इस व्यस्थ से दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों बेरोजगार हो जायेगे व आम जनता को भी दिक्कत होगी दस्तावेज लेखक व इटाम्प वेंडरों संग के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, लोकेश देवांगन के नेतत्व में तसील मुख्यालय डोंगरगांव में अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल जारी कर दिया है आज धरना प्रदर्शन में संतोष देवांगन , भारत निषाद , देवेन्द्र निषाद, कमलेश श्रीवास्व, राहुल वैष्णव, श्यामसुंदर वीरेन्द्र विश्वकर्मा,तेज साहू वीरेन्द्र नामदेव साहू अजय कुमार साहू , पांचू साहू व अधिवक्ता, नोटरी सफीर अहमद खान ओमप्रकाश पाठक रमेश साहू ने अपने काम बाद कर समर्थन दिए है।



# शिक्षक हड़ताल में जाने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छ,ग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी एल,बी संवर्ग सभी वर्ग के शिक्षक एक जूट होकर 24अक्टूबर को जिला कार्यालय कलेक्टर गार्डन के पास ओवर ब्रिज के नीचे धरना देने का निर्णय प्रांतीय संयोजकों ने निर्णय लिया गया है।अपने लंबित मांगों के लिए , 5 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जावेगा जैसे - शिक्षक मोदी कि गारंटी के तहत वेतन विसंगति को दूर करने, समतुल्य वेतनमान, पूर्व सेवा अवधि कि गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण करने,सभी एल,बी संवर्ग शिक्षकों को क्रमोन्नत समयमान वेतन, क्रेन्द्र के समान महंगाई भत्ता ?का एरियश देने के मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत कुमार चितर्वकर जिला बैठक में उपस्थित होने के कारण लेखापाल के,डी साहू को ज्ञापन सौंपा गया। जिसको सफल बनावें छुरिया विकास खण्ड के सभी एल,बी संवर्ग के शिक्षक जनपद पंचायत प्रांगण छुरिया में एकत्रित हो सामुहिक रुप से निर्णय लेकर हड़ताल में रहने का निर्णय लिया गया है।जिसमें छुरिया विकास खण्ड के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा हड़ताल में जाने से स्कूल पुरा तरह प्रभावित होगा , बंद रहेगा। ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से कीरत कुमार गणवीर, दिनेश कुरेटी,राकेश कुमार खोब्रागढे, चेतन प्रसाद दुबे, उमाशंकर साहू, लूनकरण साहू, सतीश कुमार लहरें, अश्वनी कुमार साहू,,गौकरण सिन्हा, दीपक कुम्भकार, गजेन्द्र साहू,, श्रीमती रीना जगनीत,आदि ? शिक्षक उपस्थित थे।




# माँ कामाख्या ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं को ट्रस्ट के द्वारा साड़ी वितरण किया गया...



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट लखराम के द्वारा मातृशक्ति प्रभारी श्रीमती शशि गुप्ता के नेतृत्व में आज संस्था के सभी कार्यकर्ताओं को संस्था का ड्रेस साड़ी वितरण किया गया परम पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आज यह कार्य बहुत अच्छे ढंग से संपन्न हुआ। ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) द्वारा सभी जगह के जिलाध्यक्ष को ट्रस्ट की ओर से भेजा गया, संस्था के ड्रेस पाकर सभी बहनें बहुत खुश हुई। आगे भी संस्था का कार्य सभी गुरु बहनें मिलकर करेंगी।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक बैठक संपन्न



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक बैठक राजनांदगांव जिला के जिला पंचायत सभागार में दिनांक 29.9.2024 दिन रविवार को सफलतापूर्वक राजनांदगांव जिला के तत्वाधान में आयोजित किया गया जिनमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई डीजीआर संबंधित एमबीबीएस के सीट में पूर्व सैनिकों के बच्चों के आरक्षण के संबंध एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की की गई ,04 और 05 अक्टूबर में शासन के द्वारा आयोजित किऐ जा रहे आर्मी मेला के आयोजन के संबंध में समस्त पदाधिकारी को सूचित किया गया और प्रदेश भर में चलाया जा रहे प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी को सम्मानित किया गया ।जिसमें जिला राजनांदगांव में निशुल्क तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रानीसागर स्थित बोटिंग प्वाइंट में मार्च से जुलाई माह में चलता है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर हरिंद्र त्रिपाठी जी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आईआईएम रायपुर कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव किशोरी लाल साहू जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू समाजसेवी यमुना साहू जी एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष खेमचंद निषाद जी संरक्षक एवं संस्थापक पवन निषाद जी संस्थापक सदस्य प्रदीप चंद्राकर जी प्रदेश सचिव योगेश साहू जी प्रदेश संयोजक रवि साहू जी संरक्षक भुवन लाल देशमुख जी बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत शाह जी मीडिया प्रभारी देवेंद्र डडसेना जी एवं समस्त जिलों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे । यह कार्यक्रम अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष श्री बसंत रावटे , गुमान साहू ,उमेश गंगबेर, अंगेश्वर सिन्हा, पियूष साव, जीएस भाटिया , संतोष सिंह, कली राम ठाकुर , युगल किशोर वर्मा, कन्हैया साहू , कृष्ण कुमार, अशोक झा गणपत सिंह , जनक विश्वकर्मा , ए टी राव ,भोजेश्वर गंजीर, अमर साव , सीएल साहू , संजय साहू, रोहित साहू के तत्वाधान में जिला पंचायत कक्ष राजनांदगांव में हुआ ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com